दैनिक

# नज़रिया ख़बर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 356 | देहरादून, बुधवार 25 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति





## न्यूज डायरी

### राज्यपाल ने पंचमुखी हनुमान मन्दिर में पूजा-अर्चना की



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को धर्मपुर, देहरादून स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर में पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राज्यपाल ने संकट मोचन श्री हनुमान से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

### उत्तराखंड में आफत बनकर बरसेगी बारिश, अलर्ट जारी

**देहरादून।** उत्तराखंड में इन दिनों बदरा रुक–रुक कर बरस रहे हैं। कई पर्वतीय अंचलों में लगातार बारिश से संपर्क मार्ग बाधित हो रहे हैं। पहाड़ी से गिरते मलबा और बोल्डर आवाजाही कर रहे लोगों के लिए खतरा बन रहा है। वहीं मौसम विभाग ने आज फिर कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। भारी बारिश को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। गौर हो कि देहरादून मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड के चंपावत, बागेश्वर, पिथौरागढ़, नैनीताल, देहरादून और उधम सिंह नगर के अधिकांश स्थानों व शेष जनपदों में कई जगह गरज और चमक के साथ बारिश हो सकती है। राज्य के बागेश्वर जनपद में कहीं–कहीं भार बारिश का अंदेशा जताया गया है। जिसके लिए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क और संचार सुविधाओं का विस्तार किया जाना जरूरी : सीएम धामी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को वाराणसी में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मंत्रीगण उपस्थित थे।

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगा उत्तराखण्ड राज्य सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके दृष्टिगत राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार, सुरक्षा एवं रसद आपूर्ति की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने केन्द्रीय गृह मंत्री से आग्रह किया कि सीमा सड़क संगठन के माध्यम से उत्तराखण्ड को और अधिक सहायता प्रदान की जाए। वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के सीमावर्ती गाँवों में सुविधाओं का विकास किया जाए जिससे वहां हो रहे पलायन को रोकने में सहायता मिल सके। उन्होंने सीमांत क्षेत्रों में संचार सुविधाओं के विकास के लिए भारत नेट योजना, 4–जी विस्तार परियोजना तथा उपग्रह आधारित संचार सेवाएं प्रारंभ करने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बैठक में उत्तराखंड राज्य के हित में केंद्र सरकार से कुछ नीतिगत प्रावधानों में शिथिलता प्रदान करने का भी आग्रह किया। उन्होंने राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के केंद्रीय अनुदान का आवंटन एकमुश्त किये जाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कुशल संचालन हेतु अतिरिक्त




मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री व सीएम।

### भारत नेट योजना, 4-जी विस्तार परियोजना तथा उपग्रह आधारित संचार सेवाएं प्रारंभ करने का भी अनुरोध किया

सहयोग प्रदान करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अध्ययन के लिए राज्य में एक उच्चस्तरीय ग्लेशियर अध्ययन केंद्र की स्थापना किये जाने और जैव विविधता संरक्षण संस्था की स्थापना के लिए भी केंद्र से तकनीकी सहयोग की मांग की।

मुख्यमंत्री ने राज्य में साहसिक पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए सहयोग मांगा। उन्होंने उत्तराखण्ड में वर्ष 2026 में नंदा राजजात यात्रा और 2027 में कुम्भ मेले के सफल एवं भव्य आयोजन हेतु केंद्र सरकार से आवश्यक सहयोग प्रदान करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 80 प्रतिशत पर्वतीय भू–भाग वाले उत्तराखण्ड राज्य का 71 प्रतिशत क्षेत्र वनों से आच्छादित है। राज्य की जटिल भौगोलिक परिस्थिति तथा विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के कारण राज्य की आर्थिक गतिविधियाँ सीमित हैं। इन प्रतिकूल परिस्थितियों एवं सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य की अर्थव्यवस्था में लगभग डेढ़ गुना की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023–24 में नीति आयोग द्वारा जारी एसडीजी रैंकिंग में उत्तराखण्ड ने प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही इस वर्ष जारी केयर एज रेटिंग रिपोर्ट में सुशासन एवं वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में छोटे राज्यों की श्रेणी में भी उत्तराखण्ड को दूसरा स्थान मिला है। राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून, दंगारोधी कानून, भू–कानून बनाकर उत्तराखण्ड को समरस एवं सुरक्षित राज्य बनाने हेतु कार्य किये जा रहे हैं। वोकल फॉर लोकल, विरासत एवं संस्कृति, शिक्षा एवं कौशल, सहभागिता तथा आत्मनिर्भरता के सूत्रों को आत्मसात करते हुए प्रदेश के लगभग तीन लाख से अधिक युवाओं को स्वरोजगार के विभिन्न माध्यमों से जोड़ने की महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की गई है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

# यमुनोत्री पैदल मार्ग पर रेस्क्यू अभियान फिर से शुरू, दो यात्री अभी भी लापता, तलाश जारी

**उत्तरकाशी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** यमुनोत्री पैदल मार्ग पर हुए भूस्खलन की चपेट में कुछ यात्री आ गए थे। जिनकी तलाश में मंगलवार सुबह दोबारा खोज बचाव अभियान शुरू कर दिया गया। वहीं डीएम प्रशांत आर्य भी जानकीचट्टी पहुंच चुके हैं। वहां पर उन्होंने अधिकारियों से घटना और रेस्क्यू से संबंधित जानकारी ली। इसबीच अब प्रशासन ने निर्णय लिया है कि यमुनोत्री धाम की यात्रा को भंडेलीगाड़ से ढाई किमी लंबे वैकल्पिक मार्ग से संचालित करवाया जाएगा। जानकीचट्टी पुलिस चौकी प्रभारी गंभीर तोमर ने बताया कि




एसडीआरएफ व पुलिस के जवान।

डीएम के निर्देश पर वैकल्पिक मार्ग से यात्रा शुरू करा दी गई है। घटनाक्रम के अनुसार बीती सोमवार को जानकीचट्टी–यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग पर भूस्खलन होने के कारण पांच लोग दब गए थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ, एनडीआरएफ सहित पुलिस, राजस्व और लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग, मंदिर समिति की टीम मौके पर पहुंची। खोज बचाव अभियान के दौरान मुंबई निवासी एक यात्री को बाहर निकालकर उसे उपचार के लिए पीएचसी के लिए भेजा गया था। वहीं घटना में एक 12 वर्षीय किशोरी और एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। उनके शव खाई से बाहर निकाल दिए गए थे। हालांकि अभी उनकी पहचान नहीं हो पाई है।

सूचना मिलने पर राहत और खोज बचाव अभियान के लिए विभिन्न विभागों की टीम वहां पर पहुंची। इस दौरान मलबे और बोल्डर के नीचे दबे मुंबई निवासी रशिक को बाहर निकालकर वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी भेजा गया। वहां पर डॉक्टर हरदेव रावत ने बताया कि रशिक के सिर और हाथ पर चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर और उसका उपचार चल रहा है। घटनास्थल पर चलाए जा रहे रेस्क्यू अभियान के दौरान एक 12 वर्षीय किशोरी की बोल्डर की चपेट में आने के कारण खाई में गिरने से मौत हो गई। उसका शव बरामद कर लिया गया है।

# संपादकीय

## विंग कमांडर अभिनंदन को पकड़ने का दावा

चकवाल के मूल निवासी और सेना के विशिष्ट विशेष सेवा समूह (एसएसजी) के सदस्य शाह, आतंकवाद विरोधी अभियान का नेतृत्व करते हुए मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने पुष्टि की कि गोलीबारी में एक अन्य सैनिक लांस नायक जिब्रानउल्लाह भी मारा गया। पाकिस्तानी सेना के 37 वर्षीय अधिकारी मेजर मोइज अब्बास शाह, जिन्होंने 2019 के बालाकोट हवाई हमलों के बाद भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्थमान को पकड़ने का दावा किया था, दक्षिण वजीरिस्तान क्षेत्र में तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ मुठभेड़ में मारे गए। चकवाल के मूल निवासी और सेना के विशिष्ट विशेष सेवा समूह (एसएसजी) के सदस्य शाह, आतंकवाद विरोधी अभियान का नेतृत्व करते हुए मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने पुष्टि की कि गोलीबारी में एक अन्य सैनिक लांस नायक जिब्रानउल्लाह भी मारा गया। सूत्रों के अनुसार, टीटीपी के हमलों में मेजर शाह समेत 14 पाकिस्तानी कर्मियों की मौत हो गई। इस बीच, पाकिस्तान समर्थक कुछ सोशल मीडिया अकाउंट्स ने दावा किया है कि सरगोधा झड़प में शाह समेत छह कर्मी मारे गए। डॉन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की रिपोर्ट के बाद 24 जून, 2025 को सरोगा में एक खुफिया–आधारित ऑपरेशन (आईबीओ) चलाया। बयान में दावा किया गया कि ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादी ठिकाने को निशाना बनाया, जिसमें 11 लोग मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। आईएसपीआर ने पुष्टि की कि चकवाल के 37 वर्षीय मेजर सैयद मोइज अब्बास शाह और बन्नू के 27 वर्षीय लांस नायक जिब्रान उल्लाह गोलीबारी में मारे गए। मिशन का नेतृत्व कर रहे मेजर मोइज की बहादुरी और समूह के खिलाफ कई अभियानों में उनकी भूमिका के लिए प्रशंसा की गई। बयान में कहा गया कि क्षेत्र में बचे हुए आतंकवादियों को खत्म करने के लिए निकासी अभियान जारी है। डॉन ने बताया कि जुलाई 2024 में, पाकिस्तानी सरकार ने आधिकारिक तौर पर प्रतिबंधित तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को फितना–अल–ख़वारिज के रूप में लेबल किया।

# श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष ने वन विभाग के प्रमुख समीर सिन्हा से की मुलाकात

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष ने उत्तराखंड राज्य के वन विभाग के नव नियुक्त प्रमुख समीर सिन्हा से भेंट की और उन्हें इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्ति के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। यह मुलाकात उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी और सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल श्री हेमकुंट साहिब के प्रबंधन और संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित रही।




वन विभाग के प्रमुख समीर सिन्हा से भेंट करते हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष।

फूलों की घाटी, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है, अपनी अनूठी जैव–विविधता और दुर्लभ हिमालयी फूलों के लिए जानी जाती है। यह घाटी चमोली जिले में स्थित है और हर वर्ष हजारों पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करती है। वहीं, श्री हेमकुंट साहिब, समुद्र तल से लगभग 4,632 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, सिख समुदाय का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहां गुरु गोबिंद सिंह जी ने तपस्या की थी। समीर सिन्हा ने इस क्षेत्र में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए फूलों की घाटी और श्री हेमकुंट साहिब यात्रा के सुधार में उल्लेखनीय योगदान दिया है। विशेष रूप से, भ्यूंडार घाटी में ईको–डेवलपमेंट कमेटी के गठन में उनकी भूमिका ने स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाया और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया। उनकी दूरदर्शिता और समर्पण ने तीर्थयात्रा और पर्यटन को और अधिक व्यवस्थित और टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण मदद की है। बैठक के दौरान, ट्रस्ट के अध्यक्ष और श्री सिन्हा ने क्षेत्र में बढ़ती पर्यटक संख्या के प्रबंधन और इसके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने वैकल्पिक मार्गों, बेहतर बुनियादी ढांचे, और पर्यावरण–अनुकूल प्रथाओं को अपनाने जैसे विषयों पर विचार–विमर्श किया ताकि फूलों की घाटी और श्री हेमकुंट साहिब की प्राकृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित रखा जा सके। इस मुलाकात का उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच सहयोग को और मजबूत कर पर्यटन और तीर्थयात्रा को अधिक सुगम और टिकाऊ बनाना था। हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट इस क्षेत्र की पवित्रता और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने के लिए उत्तराखंड वन विभाग के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# इजरायल-ईरान युद्ध में परमाणु हथियारों की चर्चा पर दुनियाँ सहमी



## इजरायल ईरान सैन्य टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंचा-दुनियाँ दो गुटों में बटनें की ओर बढ़ी- तीसरे विश्व युद्ध की आहट?

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर वर्तमान समय में दो दो देशों में बहुत लंबे समय से चल रहे युद्ध के पीछे चल रही ताकतों को सब जानते हैं, क्योंकि कोई भी देश के लिए सिर्फ अपने अकेले के बल पर इतनी ताकत से लंबी लड़ाई लड़ना संभव नहीं है।

हालांकि सब जानते हैं कि इन युद्धों के पीछे कौन सी ताकत है खड़ी है? मेरा मानना है कि इन ताकतों को अपने स्टेटस को छोड़कर, दो–दो कदम आगे पीछे होकर मामला उलझा कर युद्ध विराम को प्राथमिकता देना जरूरी है,वरना किसी भी देश ने परमाणु वेपंस के इस्तेमाल की शुरुआत की तो लपेटेमें पूरी दुनियाँ आ जाएगी, जिसका परिणाम हिरोशिमा नागासाकी से भी भयंकर आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।इसलिए मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र से इस आर्टिकल के माध्यम से पर्दे के पीछे सभी देशों, गुटों से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह अंध समर्थन बंद कर सुलह का रास्ता निकालकर इजरायल– ईरान– हमास, रूस–यूक्रेन सहित अनेकों देशों में आपसी टकराव को सुलझाने के लिए आगे आए ताकि पूरी दुनियाँ एक जंग का अखाड़ा ना बन सके, क्योंकि कुछ देश खुलकर समर्थन में आ रहे हैं तो कुछ देशों ने पर्दे के पीछे समर्थन देकर लड़ाई करने वाले देशों को बढ़ावा दे रहे हैं, मेरा मानना है इसे बंद कर शांति की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। हमारे पीएम साहब भी हमेशा यही अपील करते रहते हैं। परमाणु वेपंस का उपयोग हुआ तो मेरे विचार से पूरी दुनियाँ दहल जाएगी। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजरायल ईरान सैन्य टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंच?दुनियाँ दो गुटों में बंटने की ओर बढ़ी, तीसरे विश्व युद्ध की आहट?

साथियों बात अगर हम इजरायल ईरान युद्ध की करें तो दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंच चुकाहै,इजरायल और ईरान के बीच 13–14 जून 2025 को शुरू हुआ सैन्य टकराव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है, इजरायल की ओर से तेहरान में परमाणु सुविधाओं और सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों ने ईरान को भारी नुकसान पहुंचाया,जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायल के तेल अवीव, हाइफा और बेन गुरियन एयरपोर्ट पर बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन हमले किए। इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष हर बीतते घंटे के साथ और बढ़ता जा रहा है,सोमवार देर शाम को इजरायल ने एक बार फिर मध्य ईरान पर हवाई हमले किए, इधर ईरान ने भी इजरायल पर अब तक लगभग 400 बैलेस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया है, वहीं एक न्यूज से इजरायल के पीएम ने कहा है कि खामेनेई के खात्मे के साथ ही क्षेत्र में शांति आएगी। इजराइल और ईरान के बीच लगातार चौथे दिन संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजराइल एयरफोर्स ने ईरानी की राजधानी तेहरान में नेशनल टीवी न्यूज चौनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग की बिल्डिंग पर बम गिराए।

साथियों बात अगर हम इजरायल –ईरान के भयावह होते युद्ध को हम 10 प्वाइंटों में समझने की करें तो (1) इजरायल और ईरान के बीच तनाव चरम पर है और दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है,इजरायल ने ईरान पर बड़ा हमला किया, जिसमें ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया. ईरान ने इजरायल के हमले का जवाब देने के लिए ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस लॉन्च किया है, इसके तहत ईरान ने इजरायल पर 100 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, इजरायल की सेना ने अपने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सुरक्षित स्थानों पर शरण लें, (2) वहीं, रविवार को एक बार फिर इजरायल के आसमान में ईरानी मिसाइलों की बौछार हुई, जबकि दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी है, इजरायल की सेना ने कहा कि ईरान की मिसाइलें आ रही हैं, यरुशलम में सायरन की आवाजें सुनाई दे रही हैं, जबकि कई वीडियो में तेल अवीव और यरुशलम के आसमान पर मिसाइलें दिखाई दे रही हैं और उनमें से कई को इजरायल की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा रोक दिया गया है,(3) ईरान ने शिराज शहर से इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों की बारिश कर दी है, जिससे उत्तर में हाइफा से लेकर दक्षिण में ईलाट तक लगभग पूरे इजराजल में रेड अलर्ट जारी किया गया. तेल अवीव, यरुशलम, बेयर शेवा, हाइफा और दर्जनों अन्य शहरों में हवाई हमले के सायरन की आवाज सुनी गईं, (4) सेना ने कहा है कि ईरानी मिसाइलों की बौछार से इजरायल में कई जगहों पर हमला हुआ है. आरटी इंटरनेशनल की एक पोस्ट के अनुसार, ईरान के हमलों के बाद हाइफा शहर में भीषण आग देखी गई,इसने अनाम इजरायली अधिकारियों के हवाले से बताया कि अब तक इस हमले में चार लोग घायल हुए हैं, (5) ईरान में भी नजारा कुछ अलग नहीं है. तेहरान से आई तस्वीरों में रात के समय आसमान में ईंधन डिपो में लगी आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। यह आग इजरायल द्वारा ईरान के तेल और गैस क्षेत्र पर हमले शुरू करने के बाद लगी है, इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और ईरानी राज्य के कामकाज पर खतरा बढ़ गया है। (6) ईरान ने शनिवार की देर रात तेल अवीव द्वारा ईरानी परमाणु संयंत्रों, मिसाइल कारखानों और सैन्य कमांड केंद्रों पर किए गए हमले के जवाब में इजरायल के हाइफा पोर्ट और पास की एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इजरायल ईरान सैन्य टकराव खतरनाक मोड़ पर पहुंचा– दुनियाँ दो गुटों में बटनें की ओर बढ़ी– तीसरे विश्व युद्ध की आहट? इजरायल–ईरान युद्ध में परमाणु हथियारों की चर्चा पर दुनियाँ सहमीं।इजरायल–ईरान दोनों के पीछे खड़ी ताकतों द्वारा अंधा समर्थन बंद कर,समझौते से युद्ध विराम करना जरूरी, वरना यह आग मिडल ईस्ट से पूरी दुनियाँ में फैलेगी।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

25 June 2025_Copy of Layout 1  6/25/2025  1:22 PM  Page 3



# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिए सारकोट की तर्ज पर प्रत्येक जिले में दो-दो आदर्श गांव बनाने के निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम सारकोट की तर्ज पर राज्य के प्रत्येक जिले में दो–दो आदर्श गांव बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित बैठक में उच्चाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश देते हुए कहा है कि इन गांवों में समग्र विकास एवं आजीविका संवर्द्धन की योजनाओं को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने पर विशेष ध्यान दिया जाय।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बैठक लेते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप 'विकसित उत्तराखंड' की दिशा में तेजी से कार्य करने के लिए सभी अधिकारी पूरी तत्परता व प्रतिबद्धता से जुटे रहें। बैठक में मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्गों पर कानून–व्यवस्था का सख्ती से अनुपालन कराए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि धामों व यात्रा मार्गों पर अशांति पैदा करने वाले एवं अवांछित गतिविधियों में संलिप्त तत्वों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर घोषित दो स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों का शीघ्र चिन्हांकन कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहसिक पर्यटन को और अधिक बढ़ावा देने हेतु नए डेस्टिनेशन विकसित करने पर भी प्राथमिकता से कार्य किया जाय। ताकि क्षेत्रीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पर्यटन ढांचे को मजबूती प्रदान करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हेतु अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार की जाय। उन्होंने हनोल एवं जागेश्वर के मास्टर प्लान तथा हरिपुर कालसी घाट निर्माण की योजना पर तेजी से कार्य करने के साथ ही यात्रा मार्ग से जुड़े गांवों को होमस्टे योजना से लाभान्वित करने पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक में उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक जिले में बनाए जाने वाले दो–दो आदर्श ग्रामों में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मौनपालन, डेयरी विकास, मशरूम उत्पादन जैसे संभावनाशील क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के साथ ही इन गांवों के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए इंटीग्रेटेड एप्रोच अपनाकर प्रभावी कदम उठाए जांय। स्थानीय शैली एवं संस्कृति का पूर्ण ध्यान रखते हुए इन गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर उत्पादित सौर ऊर्जा के माध्यम से इन गांवों को रोशन करने की व्यवस्था की जाय। इन गांवों में स्थानीय उत्पादों के विपणन की व्यवस्था करने और स्वयं सहायता समूहों को पर्याप्त प्रोत्साहन देकर आजीविका के अवसरों में वृद्धि तथा आर्थिक विकास को गति देने वाली गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी जाय।

## कलस्टर विद्यालय योजना एक पहाड़ विरोधी योजनाः भट्ट

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में माध्यमिक शिक्षा विभाग में एक नूतन प्रयोग होने जा रहा है, जिसे कलस्टर विद्यालय नाम दिया जा रहा है।

इस संबंध में राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष आलोक रौथाण और जिलामंत्री शंकर भट्ट सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिला संरक्षक नरेश कुमार भट्ट से वृहद विचार–विमर्श किया। तत्पश्चात यह आम सहमति बनी कि कलस्टर विद्यालय योजना का विरोध किया जायेगा।

इस संबंध में जनपदीय कार्यकारिणी ने विरोध पत्र प्रांतीय नेतृत्व को प्रेषित किया। जिला संरक्षक नरेश कुमार भट्ट ने कलस्टर विद्यालय योजना को पहाड़ विरोधी योजना मानते हुए कहा कि उत्तराखंड एक विषम भौगोलिक परिस्थिति से अच्छादित प्रदेश है, जहां सड़कों की स्थिति अधिकांश जगह अभी भी दुरूह दूभर और भयावह बनी हुई है। आये दिन सड़कों का बुरी तरह टूट जाना और सबसे दुःखद जंगली जानवरों का भय देखने को मिलता है।

# आपातकाल लागू किये जाने की 50वीं वर्षगांठ पर सीएम आवास में होगा संवाद कार्यक्रम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आपातकाल लागू किये जाने की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आगामी बुधवार 25 जून को मुख्यमंत्री आवास में राज्य स्तरीय संवाद कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आपातकाल के दौरान मीसा एवं डी. आई.आर. में निरूद्ध रहे राज्य के लोकतंत्र सेनानियों एवं दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की पत्नी अथवा पति को सम्मानित करने के साथ ही आपातकाल के दौर के अनुभवों को साझा किया जाएगा। इस मौके पर राज्य में सभी जिलों में भी व्यापक जनसहभागिता के साथ कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही पचास स्थानों पर आपातकाल को लेकर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। देश में 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 की अवधि में आपातकाल लागू किया गया था। आपातकाल लागू किये जाने की 50वीं वर्षगांठ पर भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने हेतु अपर सचिव गृह श्रीमती निवेदित कुकरेती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विभिन्न विभागों एवं जिलाधिकरियों को कार्यक्रम आयोजन की जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

25 जून को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान मीसा एवं डी. आई.आर. में निरूद्ध रहे राज्य के लोकतंत्र सेनानियों एवं दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की पत्नी अथवा पति को संबंधित जिलाधिकारियों के माध्यम से ससम्मान आमंत्रित किया जाएगा।

# सचिव गृह शैलेश बगौली ने सतर्कता अधिष्ठान की समीक्षा की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सचिव गृह शैलेश बगौली ने सोमवार को अपने कार्यालय सभागार में सतर्कता अधिष्ठान की समीक्षा की। सचिव श्री बगोली ने निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए।

विजिलेंस के कतिपय मामले अधिक समय से लम्बित होने पर सचिव शैलेश बगौली ने चिंता व्यक्त करते हुए इन प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाए जाने के लिए प्रणाली में सुधार लाए जाने की बात कही। उन्होंने प्रकरणों को तेजी से निस्तारित करने के लिए आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का प्रयोग करते हुए नवाचारी तरीके अपनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर लंबित प्रकरणों को भी शीघ्र निस्तारित करने हेतु सम्बन्धित विभागों को रिमाइंडर भेजे जाएं। प्रकरणों में 2 माह में प्रगति न होने पर कार्यालय सचिव गृह के संज्ञान में लाया जाए।



सचिव गृह बैठक लेते हुए।

सचिव श्री बगौली ने कहा कि वेबसाईट एवं 1064 से प्राप्त ऐसी शिकायतें जो विजिलेंस से सम्बन्धित नहीं हैं, को 1905 के माध्यम से सम्बन्धित विभागों को भेजे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विजिलेंस से सम्बन्धित प्रकरणों को प्रभावी तरीके से निस्तारण के लिए नवाचारी तरीके अपनाए जाएं।

सचिव श्री बगौली ने विजिलेंस विभाग में अधिकारियों की कमी के सम्बन्ध में पुलिस महानिदेशक के साथ पृथक से बैठक किए जाने की बात कही।

इस अवसर पर निदेशक विजिलेंस डॉ. वी. मुरूगेशन एवं पुलिस अधीक्षक विजिलेंस रचिता जुयाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पंचायत चुनावों में सरकारी धांधली के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने राज्य निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में गड़बड़ी के मामले में कांग्रेस पार्टी का राज्य सरकार पर हमला आज भी जारी रहा।

पार्टी के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में पार्टी के प्रमुख नेताओं जिनमें प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा,पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, विधायक विक्रम सिंह नेगी, विधायक लखपत बुटोला व महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला समेत दो दर्जन नेताओं ने आज प्रायः साढ़े ग्यारह बजे रिंग रोड स्थित राज्य निर्वाचन आयोग पहुंच कर राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार से मिला।


राज्य निर्वाचन आयुक्त से मुलाकात करते कांग्रेस नेता।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा ने राज्य निर्वाचन आयुक्त से कहा कि राज्य की सत्ताधारी भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के आरक्षण में जिला प्रशाशन व पंचायती राज विभाग से बेइमानी करवाते हुए रोस्टर को शून्य कर दिया जिससे पूरे राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़े वर्गों सहित सामान्य वर्ग की सीटों का आरक्षण भी गड़बड़ा गया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों का कार्यक्रम राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी कर दिया किन्तु अभी तक लोगों को मतदाता सूचियों उपलब्ध नहीं करवाई गई जिस पर राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने कहा कि आयोग ने मतदाता सूचियों वेबसाइट पर अपलोड कर दी हैं किन्तु यह सही है कि मतदाता सूचियों की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं करवाई गई, उन्होंने कहा कि हार्ड कॉपी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में करण माहरा व यशपाल आर्य के साथ प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, विधायक विक्रम सिंह नेगी, विधायक लखपत बुटोला, प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवाण, प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट , मुरारी लाल खंडेलवाल, अखिलेश उनियाल, अश्विनी बहुगुणा आदि शामिल रहे।

25 June 2025_Copy of Layout 1 6/25/2025 1:22 PM Page 4



# जिले के सरकारी अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से आच्छादित करने में जुटे डीएम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने मंगलवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अस्पतालों में निर्माणाधीन ब्लड बैंक, आईसीयू, मैकेनिकल पार्किंग के साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, वैक्सीनेशन और जिला योजना के तहत प्रस्तावित एवं संचालित कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने हेतु संचालित निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी देहरादून जनपद के सरकारी अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से आच्छादित करने में जुटे है और मा0 मुख्यमंत्री के प्रताप से अस्पतालों को अपग्रेड और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का सार्थक प्रयास कर रहे है।



डीएम बैठक लेते हुए।

देहरादून में ब्लड बैंक, मैकेनिकल पार्किंग निर्माण के साथ ही चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। डीएम ने अस्पताल में निर्मित मैकेनिकल पार्किंग में आपातकालीन स्थिति में वाहनों का सुरक्षा बीमा व टेक्निकल ऑपरेटर के लिए जिला प्लान से फंड की स्वीकृति दे दी है। एसएनसीयू ऋषिकेश व विकासनगर में डेडिकेटेड स्टाफ व मेडिकल ऑफिसर के पदों पर नियुक्ति के लिए अभी तक प्रस्ताव न भेजने पर अस्पताल प्रशासन को फटकार लागाई और ब्लड बैंक कोरोनेशन व ऋषिकेश का कार्मिक ढांचा कल ही शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल की तर्ज पर ऋषिकेश चिकित्सालय में भी मॉडल टीकाकरण कक्ष, विस्तारीकरण के साथ एयर कडीशन, सीटिंग, बच्चों के मनोरंजन सुविधा की फैसिलिटी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही आरबीएसके टीम द्वारा चिन्हित स्कूलों में बच्चों की चिकित्सा सुविधा के लिए डीएम ने मौके पर ही नए वाहन की स्वीकृत दी। डीएम ने कहा कि जनमन के सरकारी चिकित्सालय सुविधायुक्त होने चाहिए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि देहरादून कोरोनेशन और एसडीएच ऋषिकेश में ब्लड बैंक निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए ब्लड बैंक के लिए आवश्यक उपकरणों का प्लान तैयार कर शीघ्र शासन को उपलब्ध करें। ताकि स्वास्थ्य निदेशालय से समय पर उपकरणों की आपूर्ति हो सके। कोरोनेशन अस्पताल में नवीन मैकेनिकल पार्किंग का सुरक्षित संचालन के लिए सीएमएस को टेंडर, इंश्योरेंस के साथ जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। कहा कि आपातकालीन स्थिति में वाहनों की सुरक्षा बीमा व टेक्निकल ऑपरेटर के लिए जिला प्लान से फंड दिया जाएगा।

## ई–रिक्शा से टकराई तेज रफ्तार कार, एक की मौत, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**देहरादून।** पटेलनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेहूवाला में कार और ई–रिक्शा की आमने सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। इस घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार देर रात ई–रिक्शे में सवार होकर कुछ लोग अपने घर जा रहे थे। उस दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हे टक्कर मार दी। जिससे ई–रिक्शे में सवार सभी चार लोग घायल हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने राजू नामक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

## पूर्व विधायक राठौर को भाजपा ने दिया नोटिस, अनुशासनहीनता के दायरे मे होगी सुनवाई

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने पूर्व विधायक सुरेश राठौर को लेकर सोशल मीडिया सहित तमाम माध्यमों मे उन्हे लेकर आ रही खबरों को पार्टी ने अमर्यादित मानते हुए उन्हे नोटिस दिया है। जिसमें इसे पार्टी की छवि धूमिल करने वाला मानते हुए अनुशासनहीनता के दायरे में लिया गया है।

इस संबंध में प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट से राठौर ने मुलाकात कर अपना पक्ष रखा है। जिस पर पार्टी द्वारा विचार कर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कुछ समय से पूर्व विधायक राठौर से संबंधित विभिन्न ख़बरें और वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित हो रही हैं। पार्टी ने इसे अमर्यादित आचरण मानकर उनके इस कृत्य को पार्टी की छवि धूमिल करने वाला माना है। उनकी इन सार्वजनिक गतिविधियाँ को अनुशासनहीनता के दायरे में मानते हुए, उन्हें नोटिस दिया गया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष श्री भट्ट ने भी स्पष्ट किया है कि पार्टी का कोई भी व्यक्ति बड़ा हो या छोटा, लेकिन किसी का भी अभद्र, अश्लील, असामाजिक और अमर्यादित व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। ये सब सामाजिक दृष्टि से भी उचित नही है और पार्टी की छवि को भी धूमिल करता है। भाजपा सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीयता के मानकों पर किसी कीमत कर समझौता नहीं करती है। श्री चौहान ने बताया कि राठौर द्वारा प्रदेशाध्यक्ष से उनके आवास पर मुलाकात कर अपना पक्ष प्रस्तुत कर, जवाब सौंपा गया।

## मसूरी में मूसलाधार बारिश से आफत, जेपी बैंड के पास आया भारी मलबा

**मसूरी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पहाड़ों की रानी मसूरी में देर शाम हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त–व्यस्त हो गया। भारी बारिश के कारण मसूरी–देहरादून मार्ग पर जेपी बैंड के पास भारी मलबा आ गया। जिससे यह प्रमुख मार्ग पूर्णतः बंद हो गया है। मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। यात्री घंटों से जाम में फंसे हुए हैं।



सड़क पर आया मलबा।

मसूरी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बड़ी मुश्किलों से यातायात को सुचारू किया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं हुआ है। हर वर्ष मानसून के मौसम में इसी स्थान पर भूस्खलन और मलबा आने की समस्या उत्पन्न होती है। लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) और प्रशासन को इसकी पूरी जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क किनारे जो मलबा जमा हुआ था, वह निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदारों द्वारा वहीं फेंका गया था। बरसात में यह मलबा ढलान से नीचे बहकर सड़क पर फैल गया। पूरे मार्ग को बाधित कर दिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि न तो मलबे के सुरक्षित निपटान की व्यवस्था की गई थी। इस आपदा ने एक बार फिर पीडब्ल्यूडी की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विभाग की ओर से बारिश पूर्व किसी प्रकार की सफाई, मलबा हटाने या सुरक्षात्मक कार्य नहीं किया गया। घंटों जाम में फंसे वाहन चालकों और यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों ने मसूरी प्रशासन से इस मामले में जवाबदेही तय करने और जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा ने श्रद्धांजलि सभाओं के माध्यम से याद किया डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने अपने प्रेरणास्रोत एवं संस्थापक स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभाओं के माध्यम से याद किया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा, स्व. मुखर्जी के बताए एक भारत श्रेष्ठ भारत के रास्ते पर हमारी सरकारें काम कर रही हैं। जिसकी बानगी है कश्मीर से धारा 370 हटाना, और आतंकवाद, नक्सलवाद का खात्मा करते हुए विकसित भारत का निर्माण करना। पार्टी मुख्यालय में श्री भट्ट ने डॉ.



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत अपने संबोधन में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, स्वर्गीय मुखर्जी का जीवन पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणादायक रहा है। उनके विचारों और सिद्धांतों को दिशा निर्देशों की तरह अपनाते हुए संगठन लगातार आगे बढ़ रहा है। उनके बताए रास्ते और बौद्धिक ऊर्जा का परिणाम है कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा संगठन बना है। वहीं हमारी सरकारें भी उनके जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को अपनाते हुए शानदार कार्य कर रही हैं।

## डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान हमें सदैव राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगाः जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एक देश, एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के विचार को जनमानस तक पहुँचाने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने श्रद्धासुमन दिये। उन्होंने कहा कि भारत की एकता व अखंडता के लिए दिया गया उनका बलिदान हमें सदैव राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके विचार व आदर्श तथा माँ भारती की सेवा के लिए समर्पित सम्पूर्ण जीवन देश की आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों व सिद्धांतों को आत्मसात कर एक विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर रतन सिंह चौहान एवं संजय गुप्ता ने भी गोष्ठी को सम्बोधित किया।

# बिन्दुखत्ता क्षेत्र की दो चोरियों का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी लाखों के जेवरात के साथ किया गिरफ्तार

लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)। नशे की लत में डूबे शातिर चोर को सोने के लाखों के जेवरात सहित पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, आरोपी शातिर युवक पूर्व में भी अवैध शस्त्र एवं चोरी के मामले में जेल जा चुका है। लालकुआं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल ने बताया कि पुलिस ने 2 अलग–अलग चोरी के मामलों का अनावरण करते हुए एक शातिर अभियुक्त को चोरी के माल सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उन्होंने बताया कि गत दिनांक 24 फरवरी को बसन्ती देवी निवासी तिवारी नगर बिंदुखत्ता व 29 अप्रैल को हीरा सिंह शाही निवासी तिवारी नगर बिंदुखत्ता क्षेत्र से 02 अलग–अलग चोरी की घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें अज्ञात चोर द्वारा घरों से सोने के आभूषण (मंगलसूत्र, झुमके, नथ, मांगटीका आदि) चोरी कर लिये गये थे। दोनों घटनाओं में कोतवाली लालकुआँ में अभियोग दर्ज कर विवेचना चौकी बिन्दुखत्ता प्रभारी सोमेन्द्र सिंह को सौंपी गई।



लालकुआं कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़ा गया चोरी के मामले में आरोपी।

मामले में पुलिस टीम द्वारा 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया एवं 50 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर सघन सुरागरसी की गई। इसी क्रम में कड़े परिश्रम के बाद पुलिस ने अभियुक्त बादल गौसाई उम्र– 20 वर्ष पुत्र स्व0 पप्पू गौसाई निवासी–तिवारी कालोनी, को शमशान घाट के पास मैन हाईवे से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशानदेही पर दोनों मुकदमों से संबंधित चोरी का माल बरामद किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त ने इंजेक्शन के नशे का आदी होना स्वीकारते हुए, नशे की पूर्ति के लिये ही चोरी करना स्वीकार किया। अभियुक्त पूर्व में भी चोरी और शस्त्र अधिनियम जैसे मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी से बसंती देवी की यहां हुई चोरी के मामले में 02 पीली धातु के मंगलसूत्र, 01 पीली धातु का मांगटीका बरामद किया। वहीं दूसरी चोरी के मामले में 01 पीली धातु की नथ, और 01 जोड़ी पीली धातु के झुमके बरामद किए हैं। आरोपी पूर्व में अवैध रूप से शस्त्र रखने एवं एक चोरी की मुकदमे में वांछित है। उक्त आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में बिंदुखत्ता चौकी प्रभारी सोमेन्द्र सिंह, पुलिस कांस्टेबल विरेंद्र रौतेला, दयालनाथ, दिलीप कुमार, आनंदपुरी और तरुण मेहता शामिल थे। उक्त पुरानी दो चोरी की घटनाएं खुलने के बाद अब हाल ही में बिन्दुखत्ता में महिला के जेवर चोरी होने एवं हल्दूचौड़ क्षेत्र की चोरियां खुलनी शेष रह गई है।

## पत्रकार बलबंत सिंह नेगी को दी श्रद्धांजलि

चमोली। पिंडर मेल के संपादक बलबंत सिंह नेगी का शनिवार को उनके आवास देहरादून में निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर पत्रकार समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। वे पिछले लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बलबंत सिंह नेगी का अंतिम संस्कार हरिद्वार में किया गया। इस दौरान पत्रकारों, समाजसेवियों और उनके शुभचिंतकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रेस क्लब थराली और पर्वतीय पत्रकार यूनियन ने बलबंत सिंह नेगी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दोनों संगठनों से जुड़े पत्रकारों ने मंगलवार को थराली में शोकसभा कर उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पर्वतीय पत्रकार एशोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष पिमोली,थराली इकाई के अध्यक्ष केशर सिंह नेगी,प्रेस क्लब थराली के अध्यक्ष राकेश सती, सचिव संजय कण्डारी, कोषाध्यक्ष गुलाब रावत,आल इंडिया वर्किंग जनर्लिस्ट की थराली इकाई के अध्यक्ष रमेश जोशी, रमेश थपलियाल आदि मौजूद रहे।

## रामनगर एसटीपी में सीसीटीवी कैमरा स्थापना हेतु स्थलीय निरीक्षण कार्य संपन्न

रामनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी), जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य में संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) की सतत निगरानी एवं कार्यात्मक दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गंगा नदी बेसिन क्षेत्र के अंतर्गत चयनित 11 एसटीपी पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में दिनांक 24 जून 2025 को नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत रामनगर स्थित 7 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी परिसर में सीसीटीवी कैमरा स्थापना हेतु स्थलीय निरीक्षण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उक्त निरीक्षण में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन से रोहित जयाड़ा (मॉनिटरिंग एवं इवैल्यूएशन विशेषज्ञ), नोडल अधिकारी), उत्तराखण्ड पेयजल निगम, से कनिष्ठ अभियंता शुभ पाण्डेय तथा चयनित कार्यदायी एजेंसी परफेक्ट टेली सिस्टम्स के प्रतिनिधियों की संयुक्त उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस परियोजना के अंतर्गत एसटीपी परिसर में तीन कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जिनमें इनलेट व आउटलेट बिंदुओं पर दो स्थायी कैमरे तथा एरेशन टैंक एवं अन्य प्रमुख इकाइयों की निगरानी हेतु एक पोल–माउंटेड घूमने वाला कैमरा शामिल है। यह प्रणाली एसटीपी संचालन की वास्तविक समय में निगरानी संभव बनाएगी, जिससे परिचालन दक्षता, पारदर्शिता, सुरक्षा एवं पर्यावरणीय अनुपालन को बेहतर रूप से सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## गौचर ने किया पालिका सभागार में काव्य महोत्सव का आयोजन

चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)। नगरपालिका गौचर के सभागार में पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी की अध्यक्षता में संपन्न हुऐ काव्य महोत्सव में 15 कवियित्रियों ने प्रतिभाग कर अपनी कविताओं का वाचन किया गया। बतौर विशिष्ट अतिथि हिमादी संस्था के भगत राणा, श्रीमती लक्ष्मी शाह, महावीर सिंह नेगी, रविन्द्र रावत, विवेक चौहान व बादल संस्थापक बुलन्दी एवं सुरभि खनेड़ा की उपस्थिति में कविगणों के द्वारा विभिन्न विषयों पर की गई शानदार कविता पाठों से श्रोतागण भावविभोर हो गये।




बुलन्दी संस्थापक विवेक बादल के संचालन में हुऐ काव्य महोत्सव में कवि भगतसिंह रणा हिमादी ने अपनी कविता मुस्काते रहो ––, कवियत्री पुष्पा कनवासी ने ओ सखी चहुं ओर देखो ––––, सन्नू नेगी ने प्रेमगीत, रीत ऐसी सुनो तुम बनाना प्रिये, भारती जोशी की कविता जय जय हिन्दी की कहानी –––, शशि गुसाईं ने गजल कवि अशोक अवस्थी अंजान ने चाहत थी दिल को करार आ जाय–––, कवियत्री सुरभि ने कन रंगद सजौंदा जून की छुट्टी –––, कवियत्री संगीता बहुगुणा ने किलै – किलै सुण्यौंदी नि पीड़ा कैकी––––, कवि महावीर जग्गी ने रिटायर हौणं तुम ते भौत – भौत बधै ––––, कवियत्री सुशीला बिष्ट ने म्ये मां ––––, कविता बिष्ट ने आ रे सखी कहीं धूम आते हैं ––––, कवि प्रदीप देवली ने क्यों गढ़वाली कविता ––––, कवि नरेन्द्र चौधरी ने चार दिन स्वामी जी मैं मेतुड़ा––––, कवि जसवंत ने पशुपति पर प्रहार––––, कवियत्री रेखा चौधरी ने बणों आग–––, विजया सजवाण ने यादों का बुनकर ताना बाना –––––, कवियत्री सरोज डिमरी ने मुस्कुराये जिन्दगी ––––, और अलका शाह ने अपनी कविता किताबें बहुत कुछ कह जाती है का ––– वाचन किया गया।

## मंत्री डा. धन सिंह रावत ने भूस्खलन प्रभावित बलियानाला क्षेत्र में चल रहे ट्रीटमेंट कार्य का निरीक्षण किया

हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)। नैनीताल जिले के भ्रमण पर पंहुचे उच्च शिक्षा मंत्री डाक्टर धन सिंह रावत ने मंगलवार को भूस्खलन प्रभावित बलियानाला क्षेत्र में चल रहे ट्रीटमेंट कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कहा कि ट्रीटमेंट कार्य समय से पूर्ण किए जाएं ।अधिक संवेदनशील स्थलों बरसात के दौरान सुरक्षा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री द्वारा गतिमान कार्यों की विभिन्न बेंच पर जाकर विभिन्न कार्यों का बारिकी से निरिक्षण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।साथ ही उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों





से परियोजना के तहत सभी कार्य सुरक्षात्मक तरीके से करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के ए ई सुमित कुमार ने बताया कि बलियानाला में सिचांई विभाग द्वारा सुरक्षा के कार्य प्रगति में है। जिसकी तीन साल की कार्य अवधि है। कुछ कार्यों में डीपीआर संशोधित की गई है। कार्य आवश्यकतानुसार योजना की लागत जो पूर्व में 177.91 करोड़ थी और बढ़कर 298.93 करोड़ हो गई। शिक्षा मंत्री ने प्रभावित लोगों को विस्थापन के लिए भूमि चयन करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि ट्रीटमेंट कार्य के दौरान आबादी वाले इलाके प्रभावित नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके लिए संबंधित विभाग तकनीकी एजेंसी के सुझाव के अनुरूप कार्य करने के आदेश दिए।

# उपराष्ट्रपति भारत सरकार के भ्रमण कार्यक्रम में सुरक्षा में लगे पुलिस बल की आईजी कानून व्यवस्था उत्तराखंड ने की ब्रीफिंग

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले में उपराष्ट्रपति भारत सरकार जगदीप धनकड़ के दौरे को लेकर 'वीवीआईपी ड्यूटी में लगे पुलिस फोर्स' की उच्चाधिकारियों द्वारा 'मिनी स्टेडियम हल्द्वानी' में ब्रीफिंग की गई।

'पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड निलेश आनंद भरणे' ने उपराष्ट्रपति के 'दौरे की सुरक्षा व्यवस्था' को लेकर सभी राजपत्रित अधिकारियों, अन्य पुलिस अधिकारियों और पुलिस बल की ब्रीफिंग लेकर 'सुरक्षा के सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की' और 'अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद' रखने के लिए 'सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों के बारे में स्पष्ट निर्देश' दिए। ड्यूटी प्वाइंट में वीवीआईपी को थ्रेट अवधारणा के सापेक्ष कार्यवाही करें। ड्यूटी में नियुक्त अधि0कर्म0 गणों को आमजन के साथ मित्रवत व्यवहार करने व पूर्ण मनोयोग से ड्यूटी का



निष्पादन करने के निर्देश दिये गये। ब्रीफिंग के दौरान रिद्धिम अग्रवाल पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र नैनीताल, पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा अभिसूचना मुख्यालय करन सिंह नगन्याल एवं एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा नैनीताल द्वारा सभी ड्यूटीरत पुलिस बल को वीवीआईपी सुरक्षा ड्यूटी के सभी मापदंडों के अनुसार कार्यवाही करने, अलर्ट मोड में रहते हुए सुव्यवस्थित मार्ग व्यवस्था स्थापित करने, कार्यक्रम स्थल में किसी का भी अनाधिकृत प्रवेश वर्जित करने तथा त्रुटिरहित सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश दिए गए। सभी उच्चाधिकारियों द्वारा अपनेदृअपने अनुभवों के अनुसार वीवीआईपी ड्यूटियों की बारीकियों के बारे में भी आवश्यक बातों को साझा किया गया।

ब्रीफिंग के दौरान 'आईजी सुरक्षा अभिसूचना मुख्यालय' द्वारा विगत माहों में घटित आतंकी घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए सभी अधिकारी और कर्मचारियों को सतर्क रहकर अपना कर्तव्य निर्वहन करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना से तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं। 'आईजी कुमाऊं रेंज' द्वारा ड्यूटीरत पुलिस बल को ड्यूटी के प्रति संवेदनशीलता बरतने तथा उत्तराखंड पुलिस के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हुए अच्छे टर्नआउट के साथ सजगता और मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिये गये। 'एसएसपी नैनीताल द्वारा' ड्यूटी में लगे सम्पूर्ण पुलिस बल को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए तथा 'सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल' दिया। यह भी कहा गया कि वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान इस प्रकार डाइवर्जन किया जाय कि जनता के सुगम आवागमन की व्यवस्था बनी रहे। जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। समस्त राजपत्रित अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों से अवगत कराते हुए कुशल नेतृत्व कर भ्रमण कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये। इसी दौरान एसपी क्राइमध्ट्रैफिक नैनीताल द्वारा वीवीआईपी कार्यक्रम की रूट व्यवस्था तथा फोर्स डिप्लॉयमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## नदी में डूबे सेना के जवान का शव बरामद

**उधमसिंहनगर।** गूलरभोज नदी में डूबे सेना के जवान के शव को सोमवार सुबह एसडीआरएफ की टीम कड़ी मशक्कत के बाद नदी से निकाल लिया। पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, बीती 22 जून को पुलिस को एक सूचना मिली थी कि बाजपुर क्षेत्र के गूलरभोज नदी में सेना में तैनात एक जवान डूब गया था। यह सूचना मिलते ही एसडीआरएफ यानी राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां रेस्क्यू अभियान को चलाया गया, लेकिन अंधेरा और तेज बहाव होने की वजह से डूबे जवान का कुछ पता नहीं चल पाया. ऐसे में रेस्क्यू रोकना पड़ा। सोमवार सुबह फिर से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जिसमें टीम को सफलता मिली और डूबे जवान का शव बरामद कर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। गूलरभोज नदी में डूबे जवान की पहचान हिमांशु मिश्रा निवासी बेंगलुरु (कर्नाटक) के रूप में हुई।

# महिला को निवाला बनाने वाला गुलदार पिंजरे में कैद, लोगों ने ली राहत की सांस

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रानीबाग के समीप मोरा दोगड़ा क्षेत्र में एक महिला को घर के अंदर से उठाकर ले जाकर निवाला बनाने वाला गुलदार आखिरकार पिंजरे में कैद हो गया है।

गुलदार के क्षेत्र में सक्रिय होने से लोग दहशत में थे। देर रात गुलदार शिकार की तलाश में निकला था, जो लालच में वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार के पकड़े जाने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग की टीम गुलदार को रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर लेकर गई है।

वन विभाग की टीम ने कई दिनों की निगरानी और प्रयासों के बाद गुलदार को पकड़ने में सफलता हासिल की। फिलहाल गुलदार को वन विभाग की निगरानी में रखा गया है और उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि गुलदार को आदमखोर घोषित किया जाएगा या नहीं।

रेंजर मुकुल चंद्र शर्मा ने बताया कि गुलदार का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। मेडिकल परीक्षण करने के बाद ही पता चल सकेगा यह वही गुलदार है या नहीं, जिसने महिला को निवाला बनाया था। पकड़ा गया गुलदार नर है। गुलदार के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। लेकिन साथ ही उन्होंने वन विभाग से यह मांग भी की है कि क्षेत्र में इस तरह के हमलों की पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए स्थायी समाधान निकाला जाए।

# यमुनोत्री पैदल मार्ग पर दरका पहाड़, कई यात्रियों के दबने की आशंका

**उत्तरकाशी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौ कैंची बैंड के पास अचानक पहाड़ी दरकने से मलबे में यात्री दब गए। सूचना पर एसडीआरएफ और पुलिस टीम मौके लिए रवाना हुई। उत्तरकाशी जिला सूचना अधिकारी के मिली जानकारी के मुताबिक, मलबे की चपेट में 3 से 4 यात्री आए हैं।



भूस्खलन से आया मलबा।

जिला सूचना अधिकारी के मुताबिक, सोमवार शाम 4.12 बजे बिना बारिश के यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौ कैंची बैंड के पास अचानक पहाड़ी टूट गई। पहाड़ी के मलबे में 3 से 4 तीर्थयात्रियों के दबने की आशंका जताई जा रही है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों का कहना कि मबले में दबा हुआ एक यात्री दिख रहा है। फिलहाल सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने नौ कैंची बैंड के पास पैदल आवाजाही पर रोक लगा दी। एसडीआरएफ और यमुनोत्री पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। मलबा हटाने के बाद ही पता चल पाएगा कि कितने यात्री इसकी चपेट में आए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस और एडीआरएफ की ओर से एक यात्री को मलबे से बाहर निकालकर घायल अवस्था में उपचार के लिए पीएचसी जानकीचट्टी भेजा गया, जिसका उपचार चल रहा है। डॉ. हरदेव सिंह पंवार ने बताया कि वह खतरे से बाहर है दो अन्य लोगों को लाया जा रहा है। जिलाधिकारी प्रशांत कुमार आर्या द्वारा स्मार्ट कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी की जा रही है। सभी संबंधित एजेंसियों को तत्काल प्रभावित क्षेत्र पर पहुंचाकर राहत बचाव कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जिलाधिकारी में सभी विभागीय अधिकारियों की ब्रीफिंग कर की तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रवास में पर्यटन नगरी नैनीताल पहुंच रहे हैं।उप राष्ट्रपति के सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में मंगलवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह ने नैनीताल कार्यालय सभागार में सभी विभागीय अधिकारियों की ब्रीफिंग कर की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

उप राष्ट्रपति 25 से 27 जून तक नैनीताल में कुमाऊँ विश्वविद्यालय एवं शेरवुड स्कूल में आयोजित कार्यक्रम



में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

उक्त कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सम्पादित कराये जाने हेतु जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रेट और अधिकारियों को दायित्व दिए हैं।इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारीयों को निर्देश दिए कि इस दौरान उन्हें जो भी दायित्व सौपे गए हैं उनका यथासमय पालन सुनिश्चित किया जाय । उन्होंने अपर जिलाधिकारी विवेक राय को उपराष्ट्रपति के भ्रमण के दौरान दोनों स्थलों में आयोजित कार्यक्रम स्थलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रभारी नियुक्त करते हुए उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोहर सिंह धर्मशक्तु को हल्द्वानी से ज्योलिकोट, नैनीताल तक के आंतरिक और बाहरी सड़क मार्गो का प्रबंधन व उन्हें गड्ढामुक्त व दुरुस्त कराने के साथ ही सड़क मार्ग से मलवा हटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग में हल्द्वानी से ज्योलिकोट तक नगर निगम हल्द्वानी से, ज्योलिकोट से हनुमानगढ़ी तक जिला पंचायत से तथा वहाँ से नैनीताल नगर तक नगर पालिका के माध्यम से नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सभी कार्यक्रम स्थलों में विद्युत व्यवस्था सुचारु रखने, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उपराष्ट्रपति के मानकानुसार मेडिकल टीम आवश्यक दवाओं के साथ तैनाती के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपराष्ट्रपति के प्रवास और भ्रमण के दौरान सभी कार्यक्रम स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था यथासमय पूर्ण करने के निर्देश दिए।

25 June 2025_Copy of Layout 1 6/25/2025 1:22 PM Page 7



# भारत निर्वाचन आयोग ने 379 फील्ड लेवल ऑफिसर्स के लिए प्रतिशक्षण कार्यक्रम शुरू

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारत लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन अंतर्राष्ट्रीय संस्थान (आईआईआईडीईएम) में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजरों के 13वें बैच का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने किया। इस बैच में कुल 379 बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों शामिल हैं कृ जिनमें उत्तर प्रदेश से 111, मध्य प्रदेश से 128, नागालैंड से 67, मेघालय से 66 और चंडीगढ़ से 7 प्रतिभागी हैं। पिछले तीन महीनों में आयोग द्वारा दिल्ली में 5,000 से अधिक बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि मतदाता सूची की तैयारी और चुनाव की प्रक्रिया लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 और निर्वाचन आयोग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप ही संपन्न हों। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र में कानून से अधिक पारदर्शी कुछ नहीं हो सकता और भारत में चुनाव पूरी तरह से कानून के तहत आयोजित होते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने यह भी कहा कि प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के विरुद्ध प्रथम और द्वितीय अपील की प्रक्रियाओं से अवगत कराया जाएगा। प्रथम अपील संबंधित जिलाधिकारीध्कार्यपालक मजिस्ट्रेट के पास लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24(क) के अंतर्गत तथा द्वितीय अपील प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास धारा 24(ख) के अंतर्गत की जाती है। उन्होंने बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों से यह भी आग्रह किया कि वे मतदाताओं को भी क्षेत्रीय सत्यापन के दौरान इन प्रावधानों की जानकारी दें।इस बैच में कुल 379 बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों शामिल हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश से 111, मध्य प्रदेश से 128, नागालैंड से 67, मेघालय से 66 और चंडीगढ़ से 7 प्रतिभागी हैं। उल्लेखनीय है कि 6 से 10 जनवरी 2025 के दौरान विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात मेघालय, नागालैंड, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश से किसी प्रकार की अपील प्राप्त नहीं हुई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाना है, विशेषकर मतदाता पंजीकरण, प्रपत्र प्रबंधन और क्षेत्रीय स्तर पर चुनावी प्रक्रियाओं के क्रियान्वयन से संबंधित पहलुओं में।

## ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड का बोर्रोविंग लिमिट ₹2000 करोड़ तक बढ़ाने का प्रस्ताव

**देहरादून।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड जो अत्याधुनिक एआईओटी समाधानों की अग्रणी प्रदाता कंपनी है, ने अपने फ्यूचर ग्रोथ को बढाने के उद्देश्य से अपनी वित्तीय क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कदम उठाने की घोषणा की है। कंपनी ने 27 जून 2025 को होने वाली ईजीएम में अपने कुल बोर्रोविंग लिमिट को ₹2000 करोड़ तक बढ़ाने के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति मांगी है। यह प्रस्ताव कंपनी को विस्तार, संचालन और नए व्यावसायिक अवसरों के लिए धन जुटाने में अधिक स्वतंत्रता और सुविधा प्रदान करेगा। इस बढ़ी हुई बोर्रोविंग लिमिट को समर्थन देने के लिए, ब्लू क्लाउड अपनी परिसंपत्तियों, जिनमें वर्तमान और भविष्य की दोनों संपत्तियां शामिल हैं, पर शुल्क या बंधक बनाने की अनुमति देने का भी प्रस्ताव कर रहा है। इससे कंपनी को ऋण या अन्य माध्यमों से धन जुटाते समय पर्याप्त सुरक्षा देने की सुविधा मिलेगी।

## प्रधानमंत्री की पहल पर आयोजित 'कंटेंट क्रिएटर्स प्रतियोगिता 2025' में प्राप्त हुई 110 प्रविष्टियां

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखण्ड राज्य की संस्कृति के प्रचार–प्रसार के लिये राज्य में बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने, राज्य को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिये उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद द्वारा "कंटेंट क्रिएटर्स प्रतियोगिता 2025" का आयोजन किया गया। यह आयोजन 23 मार्च, 2025 से 23 मई, 2025 तक आयोजित किया गया था।

इस संबंध में उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसी वर्ष 06 मार्च 2025 को उत्तराखण्ड में शीतकालीन प्रवास के दौरान कंटेंट क्रिएशन पर जोर देने का आह्वान किया गया था। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में राज्य की संस्कृति के प्रचार–प्रसार हेतु राज्य में बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स को आमंत्रित करते हुए "कंटेंट क्रिएटर्स प्रतियोगिता 2025" आयोजित की गई। तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता को लेकर कंटेंट क्रिएटर्स द्वारा काफी उत्साह दिखाया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 110 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं। जिनमें 56 रील्स की और 54 शॉर्ट फिल्म की श्रेणी में हैं। प्रतियोगिता में प्राप्त होने वाले आवेदनों का परीक्षण एवं विजेता प्रतिभागियों के चयन हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी महानिदेशक सूचना की अध्यक्षता में निर्णायक मण्डल समिति का गठन किया गया है।

## श्री राम के राज्याभिषेक समारोह के साथ बमोथ में रामलीला मंचन हुआ संपन्न

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासखंड पोखरी की गंगा घाटी के गांव बमोथ में पिछले 10 दिनों से चली आ रही रामलीला मंचन 11 वें दिन श्री रामचन्द्र जी के राज्याभिषेक समारोह के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर राम, लक्ष्मण व सीता माता की झांकी में ग्रामीणों ने भारी संख्या में प्रतिभाग करते हुए कीर्तन भजन के साथ राजा राम, लक्ष्मण व सीता माता की जय जयकार भी लगाये गये। राजतिलक समारोह का शुभारंभ पूर्व काबिना मंत्री, बद्रीनाथ विधानसभा के पूर्व विधायक राजेंद्र भंडारी द्वारा श्री रामचन्द्र जी, माता सीता, लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न के अलावा विभीषण, सुग्रीव, अंगद, नल नील व जामवंत का माल्यार्पण किया गया। इससे पूर्व पंडित प्रदीप लखेड़ा द्वारा हवन यज्ञ के बाद रामचन्द्र जी का राजतिलक लगाकर राज्याभिषेक



किया गया। राम के पात्र में सुखवीर मल्ल, सीता के पात्र में प्रियांशु भंडारी, लक्ष्मण के पात्र में प्रांजल भट्ट मौजूद थे। हनुमान के पात्र विवेक ठाकुर का अभिनय भी इस मौके पर सराहनीय रहा। बतौर मुख्य अतिथि राजेन्द्र भंडारी ने रामलीला मंडली बमोथ की तारीफ करते हुए कहा कि सनातन धर्म की संस्कृति को जीवंत बनाऐ रखने तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान के आदर्शो को हमें अपने जीवन में उतारना होगा। उन्होंने इस मौके पर मंडली के पदाधिकारी, सहयोगी सदस्य व लीला मंचन में पात्रों के रूप में प्रतिभाग करने वाले युवाओं को मंडली की ओर से सम्मानित किया गया। समापन समारोह के इस मौके पर मंडली अध्यक्ष राकेश भट्ट, उपाध्यक्ष प्रदीप लखेड़ा, कोषाध्यक्ष एवं संरक्षक धन सिंह ठाकुर, हारमोनियम मास्टर विनोद पुरोहित, प्रबंधक संजय लखेड़ा, सुदर्शन सिंह खत्री, ललिता प्रसाद लखेड़ा, हरीश भंडारी, वीरेंद्र भंडारी, नरेन्द्र भंडारी सहित भारी संख्या में मातृशक्ति आदि मौजूद थे।

# 'जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक में दी स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर सख्त हिदायत'

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद चमोली के सभी नगर निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं सैनिटरी लैंडफिल साइट (एसएलएफ) और मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ)की स्थिति की समीक्षा की गई।

यह समीक्षा जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक के अंतर्गत की गई, जिसमें नदियों में कूड़ा और अपशिष्ट जल के प्रवाह को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने नगर निकायों



में एसएलएफ साइट और एमआरएफ साईट की स्थित भूमि की उपलब्धता, कार्यशीलता, कूड़ा संग्रहण, पृथक्करण एवं अंतिम निस्तारण की समीक्षा भी की।

बैठक के दौरान गोपेश्वर नगर निकाय के अधिशाषी अधिकारी द्वारा एसएलएफ एवं कूड़ा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रस्तुत नहीं करने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसे घोर लापरवाही मानते हुए संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई हेतु सचिव शहरी विकास को संस्तुति भेजने के निर्देश दिए। साथ ही अधिशाषी अधिकारी कर्णप्रयाग से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु हो रहे कार्य के प्रस्ताव को तीन प्रतियों में शीघ्र प्रस्तुत करने के आदेश दिए। उन्होंने समय से प्रस्ताव प्रस्तुत न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की बात कही।

उन्होंने गैरसैण के अधिशासी अधिकारी को 1 करोंड 90 लाख की डीपीआर दिखाने के निर्देश दिऐ और उपजिलाधिकारी को गैरसैण के एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जाँच करने के आदेश दिये। उन्होंने कहा कि नगर निकायों द्वारा एसएलएफ एवं एमआरएफ सेंटरों के लिए ली आवंटित राजस्व भूमि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए न किए जाने की स्थिति में संबंधित उपजिलाधिकारियों को तत्काल जांच कर भूमि वापस लेने की कार्रवाई करने के आदेश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर क्षेत्रों में ठोस एवं गीले कूड़े का वैज्ञानिक निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नदियों की स्वच्छता के लिए निकायों की जवाबदेही तय की जाएगी।जिलाधिकारी ने सभी निकायों को निर्देशित किया कि गंगा नदी के संरक्षण, नगरों की स्वच्छता एवं पर्यावरणीय संतुलन हेतु नियमित निरीक्षण और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के सशक्त बेटी के संकल्प को आगे बढ़ाते डीएम सविन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने अपनी टीम के साथ कलैक्ट्रेट परिसर में प्रोजेक्ट ''नंदा सुनंदा'' के अन्तर्गत 05 बालिकाओं की शिक्षा पुनर्जीवित रखने हेतु 165800 रू0 मात्र के चौक वितरित किए गए है। प्रोजेक्ट ''नंदा–सुनंदा'' से अब तक जिले में लगभग 14 लाख रू0 से 38 बालिकाओं की शिक्षा को पुनर्जीवित किया गया है।



चेक प्रदान करते डीएम।

जिलाधिकारी ने कहा कि इतने कम समय में सभी औपचारिकताएं पूर्ण करते महीने के भीतर सभी आवदेन प्रस्तुत कर पात्र बालिकाओं को चुनना तथा योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु अपनी कोर टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाधिकारी ने कहा बालिकाएं अपनी पढाई की ज्वाला को कायम रखे प्रशासन उनकी शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने बालिकाओं से अपेक्षा करते हुए कहा कि वे पढाई में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें तथा अपने माता–पिता जिले एवं राज्य का नाम रोशन करें। जिलाधिकारी अपने विभिन्न सोर्स से धन का प्रबन्ध कर निर्धन असहाय बालिकाओं की शिक्षा को पुनर्जीवित कर रहे हैं। इस प्राजेक्ट से जहां निर्धन बालिकाओं को शिक्षा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने तथा बेटियों के प्रति समाज का नजरिया बदलने का प्रयास है। जिलाधिकारी ने कहा की बेटी को सशक्त बनाने का नंदा सुनंदा एक ग्लोबल प्रयास है हम रहे ना रहे यह चलता रहेगा। उन्होंने बेटियों की हौसला बढाते हुए कहा कि आप अपनी शिक्षा की स्पार्क को जारी रखें आपकी शिक्षा का वहन जिला प्रशासन करेगा। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा निर्बल के द्वारा असहाय बालिकाएं जिनकी शिक्षा पारिवारिक मजबूरी के कारण छूट जा रही है उनको पुनर्जीवित कर उनके सपनों में उड़ान भरने तथा सुरक्षित भविष्य की नीव रखने का एक आधार है। बेटियों ने कहा थैंक्यू डीएम सर जैसे आपने हमारी शिक्षा जारी रखने में सहायता की हमारा प्रयास रहेगा की हम मेहनत कर जरूरतमंद की सहायता कर सकें। आज गौरांशी सिंघल कक्षा 12 न्यू इमेज इन्टरनेशनल ब्यूटी इंस्टीट्यूट, 35000 रू०, अनुष्का क्षेत्री कक्षा 11 केन्द्रीय विद्यालय को 7800, वैष्णवी कक्षा 12 शिवालिक इन्टरनेशनल स्कूल, 33000, कु0 तनु शर्मा कक्षा 12 उत्तरांचल यूनिवर्सिटी देहरादून, 60000, शताक्षी शर्मा कक्षा 11 इण्डियन अकेडमी नेहरूकालोनी, 30000 का चौक दिया गया है।

## कीड़ा जड़ी की तस्करी में चार गिरफ्तार

**चमोली।** प्रतिबधिंत कीड़ा जड़ी की तस्करी कर रहे चार लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास 180 नग कीड़ा जड़ी बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार बीती शाम कोतवाली चमोली पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के एक होटल में कुछ लोग प्रतिबधिंत कीड़ा जड़ी की तस्करी हेतू आने वाले है सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये होटल में छापेमारी करते हुए होटल से चार व्यक्तियों को कुल 180 नग प्रतिबंधित कीड़ा जड़ी (यारसागंबू) के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा इस प्रतिबंधित वन उपज को अपने कब्जे में रखने से संबंधी कोई वैध लाइसेंस प्राधिकार पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। बहरहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# राजनीति के बजाय अदालत के निर्णय का सम्मान करें कांग्रेसी: भट्ट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने पंचायत चुनाव को लेकर हाईकोर्ट के निर्णय का सम्मान की बात कहते हुए कहा कि शीघ्र सरकार के जवाब के बाद तस्वीर साफ होगी। उन्होंने कांग्रेस से भी मामले मे अदालत के निर्णय का सम्मान करने और राजनीति न करने की हिदायत दी।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट किया कि पार्टी शीघ्र चुनाव के पूरी तरह पक्ष में है। जिसके क्रम में उसकी प्रत्याशी चयन आदि की सभी प्रक्रियाएं पर्यवेक्षकों के माध्यम से यथावतजारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी और सरकार त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के पूरी तरह पक्ष में है। यही वजह है कि तय संवैधानिक प्रक्रिया और आरक्षण की तमाम बाध्यताओं का पालन करते हुए ही चुनाव तिथि की घोषणा की गई थी। अब जैसे कि उच्च न्यायालय द्वारा दाखिल याचिकाओं के संदर्भ में कुछ जानकारियां सरकार से मांगी है, हमे उम्मीद है शीघ्र राज्य सरकार अपना जवाब दाखिल कर देगी। उसके उपरांत न्यायालय का निर्णय आने पर चुनाव की तस्वीर पूर्णतया स्पष्ट हो जाएगी।

वहीं उन्होंने कांग्रेस द्वारा आरक्षण निर्धारण में गड़बड़ी के आरोपों को सिरे से नकारते हुए अदालत के निर्णय का सम्मान कर राजनीति न करने की हिदायत दी है।

## सरकार ने आरक्षण की अंतरिम सूची के प्रकाशन में की भारी गड़बड़ियां: गोदियाल

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि सरकार ने आरक्षण की अंतरिम सूची के प्रकाशन में भी भारी गड़बड़ियां की। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि सत्ताधारी दल के लोग विरोधी दलों के प्रत्याशियों के नामांकन गलत तरीके से रद्द करवाने के लिए पीठासीन अधिकारियों पर अनुचित दबाव बनाते हैं जो निकाय चुनावों में भी देखा गया इसलिए राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से सभी पीठासीन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाएं कि नामांकन प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी हो और किसी भी सही नामांकन को किसी भी दबाव में रद्द नहीं किया जाए।

## न्यूज डायरी

### बस्तियों में 2016 से पहले निर्मित घरों को न दें नोटिस: मंत्री गणेश जोशी



**देहरादून।** देहरादून के राजपुर स्थित काठबंगला में वर्ष 2016 से पहले निवास करने वाले लोगों को नोटिस दिये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नगर निगम एवं एमडीडीए के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार के अध्यादेश को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2016 से पूर्व निर्मित घरों को न तो नोटिस दिया जाए और न ही तोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि यहां के कई निवासी नगर निगम को पिछले लम्बे समय कर भुगतान भी कर रहे हैं। मंत्री ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा गरीबों को छत दी है और हमारी कोशिश होगी कि किसी भी गरीब का घर न टूटे। बैठक में एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, पूर्व पार्षद मंजीत रावत, रामसेवक सहित नगर निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने कार्यभार ग्रहण कर केदारनाथ यात्रा का संभाला मोर्चा

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनपद का कार्यभार ग्रहण करते ही नवनियुक्त डीएम प्रतीक जैन ने केदारनाथ यात्रा का मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने जहां केदारनाथ हाईवे का जायजा लिया, वहीं सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम तक पैदल चलकर यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। धाम पहुंचकर डीएम ने बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद लिया और तीर्थ पुरोहितों से मुलाकात की।



नवनियुक्त डीएम केदारनाथ यात्रा के दौरान।

भारतीय प्रशासनिक सेवा बैच 2018 के अधिकारी प्रतीक जैन ने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बीते दिन जिले का कार्यभार ग्रहण किया और फिर केदारनाथ यात्रा का मोर्चा संभाला। डीएम ने केदारनाथ हाईवे का जायजा लिया और एनएच विभाग को लैंडस्लाइड एरिया में हर समय मशीने तैनात रखने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम तक 24 किमी पैदल चलकर यात्रा मार्ग की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान आम श्रद्धालुओं से मुलाकात कर यात्रा अनुभव, कठिनाइयों और सुझावों को गंभीरता से सुना।

## पेज 01 का शेष...

### सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क और संचार सुविधाओं का विस्तार किया जाना जरूरी : सीएम धामी

उत्तराखंड को आयुष तथा वेलनेस हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य में देश की पहली ''योग नीति'' का शुभारंभ भी किया गया है। राज्य में आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दो स्पिरिचुअल इकोनॉमिक ज़ोन की स्थापना करने का निर्णय भी लिया गया है। इन प्रयासों और राज्य सरकार की प्रतिबद्धताओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने में केन्द्र सरकार द्वारा भरपूर समर्थन और सहयोग मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की विगत वर्षों की बैठकों में अनेकों महत्वपूर्ण नीतिगत एवं अंतर्राज्यीय विषयों के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है। देश में सहकारिता, सुरक्षा और क्षेत्रीय समन्वय के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और गृह मंत्री के प्रयासों से भारत आंतरिक रूप से कहीं अधिक सुरक्षित, संगठित और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर हुआ है।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com

डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19